NATION TAX MARKET

ई–मेल : admncejpr1@gmail.com

भारत सरकार/GOVERNMENT OF INDIA

वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग/MINISTRY OF FINANCE, DEPTT. OF REVENUE

कार्यालय प्रधान आयुक्त, केन्द्रीय वस्तु व सेवाकर आयुक्तालय एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, जयपुर

OFFICE OF THE PRINCIPAL COMMISSIONER, CENTRAL GOODS & SERVICES TAX & CENTRAL EXCISE, JAIPUR

नव केन्द्रीय राजस्व भवन, स्टेच्यू सर्किल, सी–स्कीम, जयपुर–05

N.C.R. BUILDING, STATUE CIRCLE, 'C' SCHEME, JAIPUR-05

फा.सं. I–22(5)प्रशा./जेपीआर/2020 2246 दिनांक: 31.08.2020

## परिपत्र

श्रीमान संयुक्त आयुक्त, कार्यालय मुख्य आयुक्त, केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क (जयपुर जोन), जयपुर के पत्र फा. सं GCCO/1/5/1/2020-ADMN-O/o CGST-ZONE JAIPUR/5498 दिनांक 24.08.2020 एवं उप निदेशक (HRM-II), मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्र फाइल संख्या 8/SAP/77/HRD(HRM-II)/2020 दिनांक 10.08.2020 की अनुपालना में दिनांक 01.09.2020 से 15.09.2020 तक स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। जिसके सफल क्रियान्वयन हेतु श्रीमान आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार इस आयुक्तालय में पदस्थापित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों में आवश्यक रूप से भाग लेना सुनिश्चित करें-

| क्र.सं. | दिनांक | कार्य योजना का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 01.09.2020 | समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा स्वच्छता एवं प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने बाबत् जागरुकता हेतु संक्षिप्त संदेशों/विचारों का कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया जाना है। आयुक्तालय के सभी कार्मिकों के द्वारा सुबह 11.00 बजे स्वयं के कक्ष में स्वच्छता की शपथ ली जानी है। |
| 2 | 02.09.2020 | समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा अपने कार्य-स्थल एवं उसके आस-पास के क्षेत्र को साफ एवं स्वच्छ करने हेतु व्यक्तिगत तौर पर श्रमदान करना सुनिश्चित करें। |
| 3 | 03.09.2020 | वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा अपने अधीन स्टॉफ को दैनिक जीवन में स्वच्छता, साफ-सफाई रखने हेतु प्रोत्साहित किया जाना है। स्वच्छता पखवाड़े के दौरान आयुक्तालय की सबसे स्वच्छ शाखा का चुनाव किया जायेगा एवं उस शाखा का नाम नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जावेगा। |
| 4 | 04.09.2020 | समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिसका शीर्षक होगा - **"वर्तमान परिस्थितियों में स्वच्छ भारत मिशन एवं इसका महत्व"** । इच्छुक कार्मिक अपना आवेदन दिनांक 02.09.2020 तक प्रशासन शाखा में प्रस्तुत कर सकते है। |
| 5 | 07.09.2020 | आयुक्तालय जयपुर द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के दौरान राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय , सरदारपटेल मार्ग जयपुर ,स्कीम-सी ,को स्वच्छ करने हेतु अधिकारियों/कर्मचारियों एवं अन्य के द्वारा स्वैच्छिक श्रमदान किया जाना है। सभी संभाग प्रभारी अपने स्तर पर स्थान का चयन कर श्रमदान करेंगे। |
| 6 | 08.09.2020 | कार्यालय परिसर में स्थित विभागीय कैंटीन को स्वच्छ करने हेतु अधिकारियों/कर्मचारियों एवं अन्य के द्वारा स्वैच्छिक श्रमदान किया जाना है। |

| | | |
|---|---|---|
| | 09.09.2020 | वातावरण को साफ सुथरा एवं हरा-भरा रखने के प्रयास हेतु आयुक्तालय के अधिकारियों/कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों के द्वारा स्वयं के स्तर पर एक पौधा लगाया जाये एवं उसकी निरंतर देखभाल का दायित्व भी लिया जावे। |
| 8 | 10.09.2020 | कार्यालय में कार्य सम्पादन के लिए सभी कार्मिकों को ई-मेल का प्रयोग किया जाना सुनिश्चित करें एवं आयुक्तालय में फाईलों को अधिकतम ई-ऑफिस पर भिजवाना सुनिश्चित करें। |
| 9 | 11.09.2020 | स्वच्छता अपनाने, जल संरक्षण एवं बिजली बचाने के प्रयास हेतु कार्यालय में संदेश/स्लोगन/कोटेशनों का प्रदर्शन किया जाना है। |
| 10 | 14.09.2020 | स्वच्छता पखवाड़ा मनाये जाने एवं स्वच्छता हेतु जागरुकता का प्रसार करने हेतु संदेश विभागीय वेबसाईट पर संचालित किया जाना है। इसके अतिरिक्त सभी कार्मिकों के द्वारा स्वच्छ भारत से संबंधित कोटेशन/संदेशों को स्वयं के Whatsapp Status पर प्रदर्शित किया जावें। |
| 11 | 15.09.2020 | प्लास्टिक के उपयोग को कम करने हेतु सभी कार्मिकों को जागरुक किया जावे एवं आयुक्तालय में पीने के पानी हेतु प्लास्टिक की बोतलों के स्थान पर स्टील की बोतलों का उपयोग किया जावें। |

- आयुक्तालय जयपुर के अधीन कार्यरत सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपरोक्त तालिका मे उल्लेखित दैनिक कार्यकमो / गतिविधियो मे सकिय रूप से सम्मिलित होकर स्वच्छता पखवाडे को सफल बनाने के लिये व्यक्तिगत रूप से प्रयास करें। सम्पादित की जाने वाली गतिविधियों से सम्बद्व विवरण मय फोटोग्राफ के सहायक आयुक्त–प्रशासन को ई–मेल के द्वारा प्रेषित किये जावें।

- आयुक्तालय जयपुर के अधीन कार्यरत सभी संभागों के प्रभारी उप/सहायक आयुक्त संभाग स्तर पर उपरोक्त तालिका मे उल्लेखित दैनिक कार्यक्रमो / गतिविधियो को सम्पादित करवाया जाना सुनिश्चित करें एवं इस बाबत अपने वृत्त से संबंधित दैनिक रिपोर्ट मय फोटोग्राफ के इस कार्यालय को ई–मेल के द्वारा प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

- अधीक्षक (कम्प्यूटर), स्वच्छता पखवाडा मनाये जाने एवं स्वच्छता हेतु जागरूकता का प्रसार करने बाबत संदेश विभागीय वेबसाईट पर संचालित किया जाना सुनिश्चित करें।

यह परिपत्र श्रीमान आयुक महोदय की संस्वीकृति से जारी किया जा रहा है ।

31/8/2020

(मंजूर अली अंसारी)
अपर आयुक्त (का. एवं सत.)

**प्रतिलिपि-**

1. संयुक्त आयुक्त, केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर (जयपुर जोन), जयपुर।
2. सभी शाखा प्रभारी................................... केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर आयुक्तालय, जयपुर।
3. उप/सहायक आयुक्त, केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर संभाग......................................................।
4. मुख्य लेखाधिकारी, केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर आयुक्तालय, जयपुर।
5. अधीक्षक (कम्प्यूटर), केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर आयुक्तालय, जयपुर।
6. विभागीय वेब साईट

31/8/2020
अपर आयुक्त (का. एवं सत.)

31/8/20

# स्वच्छता शपथ

महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी।

महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर माँ भारती को आज़ाद कराया।

अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें।

मैं शपथ लेता हूं कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा और उसके लिए समय दूंगा।

हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूंगा।

मैं न गंदगी करूंगा न किसी और को करने दूंगा।

सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गांव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरुआत करूंगा।

मैं यह मानता हूं कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं उसका कारण यह है कि वहां के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं।

इस विचार के साथ मैं गांव-गांव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूंगा।

मैं आज जो शपथ ले रहा हूं, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाऊंगा।

वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें, इसके लिए प्रयास करूंगा।

मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा।

***